नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
ग्वालियर 31 वां वर्ष संस्करण


5 मोदी ने समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ किया काम


6 मोदी का ट्रैम्पोलिन क्या हम छलांग लगा पाएंगे?



7 पीएम विश्वकर्मा योजना से मजदूर सशक्त


10 यूएस ओपन चैंपियन सबालेंका चीन ओपन से बाहर

# देश में बनी वस्तुएं ही त्योहार पर खरीदें

## धार जिले के भैंसोला में पीएम नरेंद्र मोदी बोले–घर में घुसकर मारता है नया भारत

- राष्ट्रीय स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार महाअभियान शुभारंभ
- स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है

संजय वाजपेयी/ स्वदेशसिंह पंवार

**धार/बदनावर. ये समय त्यौहारों का समय है और इस समय आपको स्वदेशी का मंत्र भी लगातार दोहराना है. अपने जीवन में उतारना भी है. मेरी 140 करोड़ देशवासियों से प्रार्थना है, आप जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए. आप जो भी खरीदें, उसमें पसीना किसी न किसी हिंदुस्तानी का होना चाहिए. आप जो भी खरीदें, उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की महक होनी चाहिए.**

यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में आयोजित एक विशाल जनसभा में कही. यहां उन्होंने पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया. साथ ही राष्ट्रीय स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार महाअभियान, आठवें राष्ट्रीय पोषण माह आदि सेवा पर्व का शुभारंभ कर सुमन सखी चैटवॉट को लांच किया.




प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की. उन्होंने एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्व–सहायता समूह की दीदी लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को 1 करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा.

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल, धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं मेरे व्यापारी भाइयों से आग्रह से कहना चाहता हूं, देश के लिए मेरा साथ दीजिए और मैं आपस देश के लिए मदद चाहता हूं, क्योंकि मुझे 2047 तक विकसित भारत बनाकर रहना है और उसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है और इसलिए मेरे सारे छोटे–मोटे सभी व्यापारी भाई–बहन, आप जो भी बेचे, वो हमारे देश में बना हुआ ही होना चाहिए. महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का माध्यम बनाया था. अब हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है. ये तब होगा, जब हम अपने देश में बनी हुई हर चीज पर गर्व करेंगे. हम छोटी से छोटी चीज भी खरीदें, हम बच्चों के लिए खिलौने खरीदें, दीवाली की मूर्तियां खरीदें, घर को सजाने के लिए समान खरीदें, या मोबाइल, टीवी, फ्रिज जैसी कोई बड़ी चीज खरीदें, हमें सबसे पहले देखना चाहिए कि क्या ये हमारे देश में बना है क्या? जब हम स्वदेशी खरीदते हैं, तो हमारा पैसा देश में ही रहता है. हमारा पैसा विदेश जाने से बचता है. वहीं पैसा फिर से देश के विकास के काम आता है.

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहन–बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था. हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया. हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया. अभी कल ही एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो–रोकर अपना हाल बताया है. ये नया भारत है. ये किसी परमाणु धमकियों से डरता नहीं है. ये नया भारत है घर में घुसकर मारता है.

### प्रधानमंत्री मोदी को दी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले, जन–आकांक्षाओं के संवाहक, विकसित भारत के वास्तुकार, हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और लोकप्रिय जननेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

**डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी करता हूं.

**– राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

हमारे प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को 75वें जन्मदिवस की सहृदय शुभकामनाएं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि आपको स्वस्थ जीवन और चिरकालीन दीर्घायु प्राप्त हो।

**– ज्योतिरादित्य सिंधिया,** केंद्रीय मंत्री

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने देश की काया पलट दी : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं. जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी. वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई. देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है. प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने भारत की काया पलट दी है. उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पार्क से प्रदेश के मालवा–निमाड़ अंचल में किसानों की परंपरागत फसल कपास को प्रोत्साहन मिलेगा. कपास से धागा, धागे से कपड़ा और कपड़े के निर्यात से मध्यप्रदेश वस्त्रोद्योग का वैश्विक केन्द्र बनेगा.

## एशिया कप से पाकिस्तान बाहर

**नई दिल्ली 17 सितम्बर.** एशिया कप से पाकिस्तान ने अपना तीसरा और अंतिम मैच खेलने से इनकार कर दिया है. उसके इस फैसले के साथ ही टूर्नामेंट में उसका सफर यहीं खत्म हो जाएगा. रविवार को भारत और पाकिस्तान द्वारा खेले गए मैच के बाद से ही यह टूर्नामेंट खेल से ज्यादा दूसरे कारणों के चलते चर्चाओं में है. भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से मैच के दौरान उनके खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था. पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने भारतीय टीम के इस फैसले की जानकारी दी थी.

## मोदी का करिश्मा अब भी बरकरार है

**वैश्विक सर्वे फर्म स्टारिस्टस्टा की अगस्त 2025 की सर्वे रिपोर्ट**



**नई दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता).** करिश्माई व्यक्तित्व, ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत के बल बूते लगातार पिछले 11 साल से विशाल और विविधतापूर्ण देश के प्रधानमंत्री पद को संभाल रहे नरेंद्र मोदी आज भी दुनिया के लोकत्रांतिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में बड़े अंतर के साथ सबसे ऊपर है. स्वतंत्र भारत के इतिहास में मोदी दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार चुनावी सफलता के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं.

वैश्विक सर्वे फर्म स्टास्टिस्टा की अगस्त 2025 तक की एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मोदी की घरेलू स्वीकार्यता 72 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर थी. उनको अस्वीकार बताने वालों का हिस्सा 21 प्रतिशत था, जबकि सात प्रतिशत अपनी पसंद को लेकर अनिश्चिता में थे. इस सर्वे में दूसरे नंबर पर रहे दक्षिण कोरिया के ली जायी–मियुंग की घरेलू स्वीकार्यता 58 प्रतिशत और अस्वीकार्यता 30 प्रतिशत बताई गई है. इसी तरह अमेरिका की एजेंसी पेव रिसर्च सेंटर की मार्च–मई की अवधि की रिपोर्ट में मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ 79 प्रतिशत पर था. एक रिपोर्ट में मोदी 58 प्रतिशत की स्वीकार्यता रेटिंग के साथ अन्य नेताओं से कोसों आगे थे.

## पीएम और मां का वीडियो हटाएं

### पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस पार्टी को दिए निर्देश

**पटना, 17 सितंबर (वार्ता) पटना उच्च न्यायालय ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को निर्देश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से बनाया गया वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से हटाए.**

पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंथरी ने इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया है. न्यायालय ने इस प्रकार के व्यवहार पर सख्त आपत्ति जताते हुए कहा है कि एआई का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए. न्यायालय ने इस संबंध में टिप्पणी की है कि इस तरह की सामग्री न केवल भ्रामक होती है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अनुचित है.

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक एआई जनित वीडियो वायरल किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को यह कहते हुए दिखाया गया था कि उन्हें राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग न किया जाए.

## छोटा राजन की जमानत रद्द

### सुको ने कहा- ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए?

**नई दिल्ली, 17 सितंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि चार बार दोष सिद्धि और 27 साल की फरारी... ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए?**

पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की 2001 की हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी. पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया. पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था. छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया.

**उपलब्धि** | पीसीसीएफ ने कहा – प्रदेश बाघ संरक्षण में अव्वल

## आनुवांशिक विविधता चिंता का विषय

आशीष कुर्ले

**भोपाल 17 सितम्बर. मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) वीएन अम्बाडे ने राज्य में बाघों की संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया है. प्रदेश में बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है।**



यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश को देश में बाघ संरक्षण में शीर्ष पर स्थापित करती है, बल्कि भारत की कुल बाघ जनसंख्या (3,682 से 3,925) में भी इसका बड़ा योगदान है. उल्लेखनीय है कि विश्व के लगभग 75 प्रतिशत जंगली बाघ भारतीय वनों में पाए जाते हैं.

अम्बाडे ने कहा कि हमारी टीमें चौबीसों घंटे राज्य के सभी वनों पर नजर रखती हैं, जिससे वन्यजीव सुरक्षित और स्वाभाविक वातावरण में रह सकें. हालांकि उन्होंने यह भी चेताया कि बाघों और अन्य वन्य जीवों के लिए खतरा केवल शिकारियों से नहीं है, बल्कि 'इनब्रीडिंग' यानी सीमित संख्या वाले बाघों में आपसी प्रजनन भी एक गंभीर चुनौती बन चुका है. उन्होंने कहा, दो सौ वर्ष पहले जब राजा–महाराजा अलग–अलग राज्यों पर शासन करते थे, उनके महलों में लगे बाघों के ट्रॉफी आज के बाघों से लगभग दोगुने आकार के होते थे. आज बाघों के आकार और शक्ति में आई गिरावट का प्रमुख कारण इनब्रीडिंग है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ वन क्षेत्रों में बाघों की संख्या केवल पांच से बीस के बीच है.


